प्रादेशिक समाचार
दिनांक–07.08.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. विनेश फोगाट ओवरवेट की वजह से पेरिस ओलंपिक से अयोग्य घोषित, नहीं खेल पायेंगी कुश्ती का फाइनल मुकाबला।

2. झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने प्रतियोगी परीक्षाओं का संशोधित कैलेंडर किया जारी, दिसंबर तक 38 हजार से ज्यादा पदों पर होंगी नियुक्तियां।

3. कोडरमा में जननी सुरक्षा योजना में हुई वित्तीय अनियमितता के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई तेज, हटाये गये स्वास्थ्य पदाधिकारी, लिपिक निलंबित, बीटीटी के खिलाफ प्राथमिकी।

4. बोकारो जिले में एक चर्चित हत्याकांड की छानबीन के दौरान पुलिस ने बरामद किया हथियारों का जखीरा, जब्त आग्नेयास्त्रों में एके 47 और विदेशी हथियार भी शामिल।

5. मौसम विभाग ने रांची, खूंटी और सिमडेगा समेत राज्य के 17 जिलों में आज भारी बारिश का अलर्ट किया जारी।

****

भारत की महिला पहलवान विनेश फोगाट पेरिस ओलंपिक से आयोग्य घोषित कर दी गयी हैं। अब वह फाइनल मुकाबला नहीं खेल सकेंगी। मेडल मैच की सुबह आज उनका वजन तय मानकों से थोड़ा ज्यादा पाया गया, जिसके बाद उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया। विनेश ने कल 50 किलोग्राम भार वर्ग में तीन मुकाबले जीत कर फाइनल में प्रवेश किया था और भारत के लिए स्वर्ण पदक की आस जगायी थी।

****

विनेश फोगाट को अयोग्य घोषित किये जाने के फैसले पर भारत विरोध जता रहा है। इसे लेकर आज लोकसभा में जमकर हंगामा हुआ। इस मामले में केन्द्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया तीन बजे संसद में बयान देंगे। इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर विनेश फोगाट को चैंपियंस की चैंपियन करार दिया है।

****

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग, जेएसएससी ने वर्ष 2024 की प्रतियोगी परीक्षाओं का संशोधित कैलेंडर जारी कर दिया है। कैलेंडर के अनुसार इस साल दिसंबर तक विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से राज्य में 38 हजार 949 से ज्यादा पदों पर चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति की संभावना है। नियुक्ति के लिए जेएसएससी की ओर से चयन प्रक्रिया चलायी जा रही है।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर रांची के बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान में होने वाले मुख्य समारोह की तैयारियों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को 9 और 10 अगस्त को झारखंड आदिवासी महोत्सव पूरी गरिमा और भव्यता से मनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि समरोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों में झारखंड की समृद्ध कला–संस्कृति को प्राथमिकता दी जाये।

****

इस बीच झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने राज्य आदिवासी कल्याण आयोग पर विश्व आदिवासी दिवस को लेकर निकाली गयी निविदा के निस्तारण में गड़बड़ी करने का गंभीर आरोप लगाया है। बोकारो में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस मामले में मुख्यमंत्री को संज्ञान लेना चाहिए।

****

झामुमो विधायक कल्पना सोरेन ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में आ रही तकनीकी अड़चनों को शीघ्र दूर कर लेने का आश्वासन दिया है। श्रीमती सोरेन ने गिरिडीह जिले के गांडेय विधानसभा क्षेत्र के तेलोडीह पंचायत भवन में आयोजित विशेष शिविर का निरीक्षण करने के बाद महिलाओं से अपील की कि वे बिचौलियों से सावधान रहें।

****

कोडरमा जिले के सतगावां स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जननी सुरक्षा योजना में हुई वित्तीय अनियमितता के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी गयी है। 14 लाख रुपये घाटाले के मास्टर माइंड बीटीटी दिनेश चौधरी के खिलाफ थाने में मामला दर्ज कराया गया है, जबकि इस मामले में संलिप्त लिपिक अजीत कुमार को निलंबित करते हुए विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इसके अलावा इस मामले में प्रखंड के प्रभारी स्वास्थ्य पदाधिकारी डॉ सत्यनारायण भकत को भी पद से हटा दिया गया है। सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि घोटाले की राशि रिकवर करने के प्रयास भी तेज कर दिए गए हैं।

****

राज्य के स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह ने जमशेदपुर स्थित एमजीएम अस्पताल का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा– निर्देश दिये। निरीक्षण के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने अस्पताल की लचर व्यवस्था पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंनें कहा कि संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह में व्यवस्था में सुधार का निर्देश दिया गया है।

****

बोकारो जिले में पुलिस ने एक चर्चित हत्याकांड की छानबीन के दौरान बड़ी संख्या में हथियार बरामद किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश ने इनमें एके 47 और अन्य अत्याधुनिक हथियार होने की बात कही है।

****

खूंटी जिले की ग्रामीण महिलाओं के लिए फूलो झानो आशीर्वाद योजना वरदान साबित हो रही है। इस योजना के जरिये महिलाएं अपने आर्थिक सशक्तीकरण की इबारत लिख रही हैं।

****

रांची समेत राज्य भर में मानसून सक्रिय है। मौसम विभाग ने आज रांची, खूंटी, सिमडेगा समेत सात जिलों में भारी बारिश का औरेंज अलर्ट जारी किया है जबकि पलामू, गढ़वा, लातेहार और चतरा समेत 10 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने कहा कि पश्चिम बंगाल के गांगेय क्षेत्र से लेकर समीप के बांग्लादेश के ऊपर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना है। इसके प्रभाव से राज्य में बारिश के आसार हैं।

****